हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 30 दिसंबर 2024


तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री


11 भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



12 कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन को श्रद्धांजलि दी






।।बाबा ऊँ श्री शिव।।
नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का
राजिम नवापारा, रायपुर
सावधान सावधान
चाइना गोल्ड से सावधान
नवकार ज्वेलर्स राजिम में अब जापानी तकनीक से युक्त सोने की शुद्धता जांचने की मशीन
जापानी तकनीक से यूक्त मशीन
सोने की शुद्धता एवं कैरेट की जांच
नि:शुल्क सोने की शुद्धता जांच
चाइना गोल्ड से बचने का उपाय
नवकार ज्वेलर्स राजिम में मशीन द्वारा अपने सोने की शुद्धता की जांच करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें की आपका सोना असली है या चाइना

अधिकृत विक्रेता :
श्री बजरंग इलेक्ट्रिकल्स
कम वोल्टेज में ज्यादा पानी देने वाला ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
बस स्टैण्ड, नवापारा, मो. 98278-87946, 93400-18107
V4,V5,V6 एवं 50 फीट हेड वाला सबमर्सिबल पंप
ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप


## खबर संक्षेप



### नक्सल प्रभावित इलाके में पहुंचे एसपी राखेचा

**मैनपुर।** जिले के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा अपने सर्चिंग गस्त के दौरान मैनपुर विकास खण्ड के घोर नक्सल ग्राम छींदौला एवं खोलपारा पहुंचे। छिंदौला के लोगों से मिलकर हाल-चाल जानते हुए बच्चों को स्कूल बैग, महिला एवं पुरुष को साड़ी और गमछा वितरण किए। पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर गांव के लोगों में खुशी का माहौल रहा। रविवार को गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा अपने सर्च सर्चिंग टीम के साथ ग्राम छिंदौला एवं खोलपारा पहुंचे गांव के लोगों से रूबरू होते हुए हाल-चाल जाने साथ ही बच्चों को स्कूल बैग महिलाओं को साड़ी युवाओं को टी शर्ट एवं पुरुषों को गमछा वितरण किए। इस दौरान एसडीओपी मैनपुर बाजी लाल सिंह एवं एसटीएफ के डीएसपी जगने के साथ अन्य पुलिस जवान उपस्थित रहे।

### भेण्डरी में श्रीमद्भागवत कथा 1 जनवरी से

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के हनुमान मंदिर के पास भगवताचार्य रत्नेश राममिलन पाण्डेय का 1 जनवरी से 9 जनवरी तक गौ संवर्धन के लिए श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन ग्रामवासियो के सहयोग से होने जा रहा है। पराणकर्ता प्रवीण पाण्डेय होंगे। बताया गया है कि इस भागवत महापुराण कथा मुख्य उद्देश्य गौ संवर्धन भागवत में मिला दान गौ सेवा में लगाया जाएगा। इसके साथ ही समाज के लोगों को धर्म से जोड़कर उनके जीवन को सार्थक बनाना, युवाओं को धार्मिक गतिविधि व सनातन धर्म देश संस्कृति जोड़ना प्रमुख उद्देश्य है।



सुविधा : 20 करोड़ रुपए की लागत से 31 किलोमीटर सड़क का किया जा रहा निर्माण

# सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ओढ-आमामोरा में बन रही पक्की सड़क, 15 किमी में कांक्रीट का कार्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के सबसे सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र कहे जाने वाले ओढ़ आमामोरा पहाड़ी के ऊपर गांव तक पक्की सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो चूका है। जिससे गांव तक अब जल्द ही विकास कार्य पहुंचने की उम्मीद लगाई जा रही है। जिले के ओढ़ आमामोरा आजादी के 75 वर्षों बाद भी बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे हैं, क्योकि यहां पहुचने के लिए पक्की सड़क नहीं होने के कारण यहां तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं था। पथरीली टेढे-मेढे, बड़े-बड़े बोल्डर, पगडंडी को पार कर पहुंचा जाता था। वहीं मैनपुर-गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग 130 सी मैनपुर से महज 9 किलो मीटर धवलपुर नेशनल हाईवे से आमामोरा कुकराल तक 31.65 किमी सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग द्वारा लगभग 20 करोड़ रूपए की लागत से निर्माण किया जा रहा है। यह सड़क 5 अलग-अलग टेण्डर जारी कर काम प्रारंभ किया गया है जिसमें अब तक लगभग 15 किलो मीटर से अधिक सीमेंट कांक्रीट सड़क का कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष भाग में मुरमीकरण और गिट्टीकरण कार्य किया गया है। इस सड़क निर्माण में कुछ स्थानों पर टाईगर रिजर्व के बफर जोन एरिया में आने के कारण वन विभाग की आपत्ति है जिसके निराकरण के लिए विभागीय प्रक्रिया पूरा किया जा रहा है और आगामी मार्च 2025 तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने की संभावना है।

इस पहाड़ी सड़क में खाड़ी चढ़ाई वाला हिस्सा कहे जाने वाले चिखली पठार और कई खतरनाक मोड़ और सीधे चढ़ाव वाले जगह में सड़क निर्माण कार्य हो चूका है, जिसके कारण इन दिनों इस सड़क में आना- जाना पहले के आपेक्षा काफी सुविधाजनक हो गई है। जमीन सतह से लगभग 2 हजार मीटर पहाडी के उपर बसे ओंढ आमामोरा और उनके एक दर्जन के आसपास आश्रित ग्राम पाराटोला में विशेष पिछडी कमार जनजाति आदिवासी बड़ी संख्या में निवास करते है, ग्राम पंचायत ओंढ और आमामोरा दो अलग- अलग पंचायत है जो बेहद ही नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण विधानसभा और लोकसभा चुनाव में यहां मतदान दल को ▶▶|शेष पेज 11 पर

- दो दर्जन बार टेंडर के बाद लगभग आधा में निर्माण कार्य हो चुका है पूर्ण

खास खबर





### एडिशन एसपी समेत 11 जवान हो चुके हैं शहीद

जिले के ओंढ आमामोरा पहाडी ओड़िसा सीमा से लगा हुआ है और घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र से जाना जाता है वर्ष 2011–12 में गरियाबदं के तत्कालीन एडिशनल एसपी राजेश पवार सहित 9 जवान इसी ईलाके में नक्सली हमले में शहीद हो गये थे। यह इस क्षेत्र की सबसे बड़ी नक्सली घटना थी इसके बाद से यह क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के नाम से पहचाने जाने लगा तो वही 7 से 8 वर्ष पूर्व इसी ईलाके में बम फटने से पुलिस के दो जवान और शहीद हो गये थे इस क्षेत्र में अब तक 11 जवान शहीद होने की जानकारी बताई जाती है।

### ग्रामीणों ने कहा निर्माण कार्य जल्द पूरा हो

ग्राम पंचायत ओढ़ के सरपंच रामसिंह सोरी ग्राम पंचायत आमामोरा के सरपंच मैना बाई विष्णु राम, दुकालुराम, पुरन मरकाम, गंभीर सिंह व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने कहा की वर्षों बाद सड़क का निर्माण कार्य हो रहा है लेकिन इसमें कुछ दिनों से रोक लगी हुई है जिसे जल्द समाधान कर सड़क का निर्माण कार्य किया जाना चाहिए।

### समाधान किया जायेगा

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के विधायक जनक ध्रुव ने कहा की नेशनल हाईवे से ओढ़ आमामोरा तक सड़क निर्माण कार्य बेहद जरूरी है। कहीं कोई दिक्कत आयेगी तो वन विभाग और संबंधित मंत्री से मुलाकात कर समस्या का समाधान किया जायेगा। सड़क निर्माण इस क्षेत्र की वर्षो पुरानी मांग है सड़क निर्माण से गांव तक विकास कार्य पहुंचेगी।

## शिविरार्थियों को दी साइबर अपराध से बचने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के कोपरा स्थित आर्यभट्ट कला एवं विज्ञान महाविद्यालय ने 22 से 28 दिसंबर तक धमतरी जिले के मगरलोड ब्लॉक के ग्राम अमलीडीह में 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में जागरूकता फैलाना और विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को एनएसएस की भूमिका और उद्देश्यों की जानकारी प्रदान की गई। मगरलोड थाना प्रभारी ने साइबर अपराध से बचने के उपायों पर चर्चा की, वहीं अधिवक्ता निखिल यादव ने कानून से संबंधित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों ने ग्राम भ्रमण करते हुए रैली निकाली और स्वच्छता, जल संरक्षण, बेटी बचाओ, पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया। प्रतिदिन दो घंटे श्रमदान करते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। 28 दिसंबर को समापन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें महाविद्यालय के अध्यक्ष अजय मिश्रा, सचिव संगीता मिश्रा, कोषाध्यक्ष संदीप सिंह राजपूत, कार्यक्रम समन्वयक लक्ष्मी नारायण देवांगन, एनएसएस प्रभारी, प्राचार्य और अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहा गया। यह शिविर विद्यार्थियों और ग्रामीण समुदाय के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ।



7 दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

## पैरावट में लगी आग, पुलिस और दमकल की तत्परता से पाया काबू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के नगर पंचायत कोपरा पैरी नगर में रविवार को किराना व्यवसायी महेश साहू के घर में रखे पैरावट में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के घरों को भी नुकसान होने की आशंका थी। सूचना मिलते ही सक्रिय पुलिस हुई। घटना की जानकारी मिलने पर गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित थाना, फायर ब्रिगेड और अन्य दलों को घटना स्थल पर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दो दमकल वाहन तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर ब्रिगेड की टीम ने पूरी मेहनत और तत्परता के साथ स्थिति को नियंत्रित किया। नगरवासियों ने पुलिस अधीक्षक और दमकल कर्मियों की सराहना की, जिनकी ▶▶|शेष पेज 11 पर

### नाराज नगरवासी

नगरवासियों ने सीएमओ की गैरजिम्मेदारी पर नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना है कि नगर पंचायत में आपातकालीन स्थितियों के लिए कोई तैयारी नहीं है। यह घटना पुलिस और फायर ब्रिगेड की सक्रियता और जनता की सूझबूझ का उदाहरण है, लेकिन नगर पंचायत की लापरवाही भविष्य में बड़े हादसों को न्योता दे सकती है। नगरवासियों ने इस ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की मांग की है।

कथा के तीसरे दिन राजा परीक्षित और कलयुग की कथा सुनाई

## कलयुग में दान ही सर्वश्रेष्ठ : आचार्य सुभाष महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

समीपस्थ ग्राम सिवनी में नायक परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन व्यासपीठ से अयोध्या से पधारे भगवतविद् आचार्य सुभाष महराज ने राजा परीक्षित और कलयुग के संवाद कथा के साथ तीसरे दिन की कथा का शुभारंभ किया। कथा प्रसंग में उन्होंने बताया कि तीन पैर से धर्मरुपी बैल को जब कलयुग त्रास दे रहा था और समीप ही पृथ्वी रुपी गाय रुदन कर रही थी। तो राजा ने उनसे परिचय पूछा तो उन्होंने बताया कि अधर्माचरण से वह व्यथित है। धर्मरुपी बैल के चार पैर में से एक सत्य का पैर सतयुग में, दूसरा तपरुपी पैर त्रेता में, तीसरा दयारुपी पैर द्वापर में टूट गया और कलयुग में वह एकमात्र दान रुपी पैर के ताकत पर खड़ा है। साथ ही आगे की कथा को विस्तार से बताया। सुमधुर भजन के साथ भागवताचार्य ने बताया कि कलयुग में दान ही सर्वश्रेष्ठ है और भगवान का नाम जाप व भजन ही मुक्ति के लिए सबसे सरल और सहज मार्ग है। विदित हो कि ग्राम सिवनी में स्वामी भानुप्रताप जी महराज पहाड़पुर प्रतापगढ़(उत्तर प्रदेश) के सान्निध्य में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शिक्षक श्री यशवंत नायक के परिवार द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया है।इस कथा में नैमिषारण्य तीर्थ एवं काशी से पधारे विद्वानों के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का रसपान ग्रामीणों को कराया जा रहा है। प्रतिदिन समस्त श्रद्धालुओं के लिए भोग भंडारा का आयोजन रखा गया है। तीसरे दिन के कथा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।




### विधायक भागवत कथा में हुए शामिल



**फिंगेश्वर।** नगर के फुलवारी चौक में पंकज अंकिता शर्मा के सौजन्य से हो रहे भागवत कथा के आमंत्रण पर राजिम विधायक रोहित साहू ने कथा स्थल पर पहुंचकर मंच मे भागवत भगवान को शीश नवाया वहीं पर व्यास गद्दी में विराजित पंडित सुरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से मुखार वृन्द होकर आशीर्वाद लिया। आयोजको ने विधायक रोहित साहू का स्वागत किया। वहीं पर वे कुछ देर कथा का श्रवण भी किए। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा नेता मनीष हरित, जगदीश यादव, राजू साहू आदि शामिल हुए।

### दलदली में रामचरित मानस महायज्ञ 3 से

**महासमुंद।** यज्ञ समिति दलदली, उमरदा द्वारा ग्राम दलदली में 3 से 13 जनवरी तक श्रीराम चरित मानस अष्टोतर शत (परायण) महायज्ञ मानस आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिन 3 जनवरी को गणेश पंचांग पूजन, जलयात्रा, मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापना होगी। 4 जनवरी को वेदी पूजन परायण व यज्ञ हवन होगा। 12 जनवरी को परायण (पाठ) विश्राम, 13 जनवरी को पूर्णाहुति, प्रसादी का वितरण किया जाएगा।


पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### कोडिन सिरप बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** प्रतिबंधित नशीली कोडिन सिरप के साथ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास 53 शीशी सिरप जब्त किया गया है, जिसके संबंध में उनके पास कोई आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले। डीडीनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के समीप दो लोग नशीली दवा बेचने के फिराक में घूम रहे है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कॉलोनी के सूरज कलेत एवं राकेश साहू को हिरासत में लिया। उनके पास रखे थैले में प्रतिबंधित नशीली पदार्थ कोडिन सिरप मिला। बरामद सिरप की कीमत आठ हजार रुपए आंकी गई है।

### मारपीट- फसाद का फरार आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** मारपीट के कई मामलों में फरारी काट रहे बदमाश अमर बाघ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डॉ. राजेंद्र नगर में रहने वाले आरोपी अमर के खिलाफ मच्छी ताण्डी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसे चाकू से मारकर चोट पहुंचाई थी। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था और सिविल लाइंस पुलिस ने उसके खिलाफ अपराध दर्ज किया था। आदतन बदमाश होने की वजह पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी और सूचना मिलते ही उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चाकू भी बरामद किया गया है।

### शिवसेना ने सौंपा थाना प्रभारी को ज्ञापन

**रायपुर।** शिवसेना शिंदे गुट के रायपुर जिला उपाध्यक्ष देवराज साहू के नेतृत्व में न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध, सूखा नशा के विरोध में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही करने की मांग की गई। देवराज साहू ने बताया सूखा नशा के कारण ही जगह–जगह लूट–पाट, चाकूबाजी को बढ़ावा मिल रहा है जिसके कारण शहर का माहौल खराब हो रहा है। और शहर में सूखा नशा का व्यापार राजेन्द्र नगर थाना केअंतर्गत खूब फल रहा है जिसको बंद कराने की मांग को लेकर शिवसेना रायपुर जिला इकाई के द्वारा सैकड़ो की संख्या में थाना के बाहर प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मुख्य रूप से आशीष परिडा, संजय सोनकर, किशन साहू, गोविंद साहू, संजू साहू, नरेन्द्र प्रजापति, तरूण, गिरीराज, बबलू सोना, सागर कुम्हार, आकाश मसी, जॉनी मोंगराज, कमल, धनंजय, मनीष, नरेश, लोकेश, खेलेश, परमेश्वर के साथ सैकड़ो की संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे।

# निक्षय निरामय अभियान, 18 सौ को फूड बास्केट और 5 सौ को बढ़ी राशि का भुगतान

## टीबी संक्रमितों की पहचान के लिए 19 जिलों में अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अब तक मिले करीब आठ सौ संदिग्ध, पुष्टि के लिए होगी जांच


टीबी संक्रमितों की पहचान कर उन्हें उपचार की सुविधा दिलाने के लिए चलाए जा रहे निक्षय निरामय अभियान के तहत अब तक 18 सौ को फूड बास्केट और पांच सौ मरीजों को बढ़ी हुई पोषण राशि का भुगतान किया गया है। अभियान के दौरान अब तक आठ सौ संदिग्ध मरीजों का पता चला है जिनकी जांच के बाद पुष्टि की जाएगी।

देश को तपेदिक मुक्त करने के लिए विभिन्न तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत सौ दिन निक्षय निरामय योजना की शुरुआत करीब बीस दिन पहले की गई है। अभियान में हाईरिस्क की श्रेणी में आने वाले रायपुर समेत 19 जिलों में स्क्रीनिंग के माध्यम से टीबी मरीजों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। संदिग्ध मिलने वालों की विभिन्न माध्यमों से जांच की जा रही है। अब तक की जांच में करीब आठ सौ संदिग्ध मरीजों का पता चला है, जिनकी अंतिम पुष्टि के बाद निशुल्क उपचार व्यवस्था में शामिल किया जाएगा।

दूसरी ओर जांच के दौरान पुराने संक्रमितों को भी शासन की योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक इन जिलों के करीब 1800 संक्रमितों को फूड बास्केट का वितरण किया गया है, वहीं पांच सौ मरीजों को उपचार अवधि के दौरान मिलने वाली दो गुनी पोषण राशि का लाभ दिलाया गया है।

### छह माह फूड बास्केट और छह हजार रुपए

निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी संक्रमितों को छह माह तक प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का फूड बास्केट उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए उन्हें हर महीने एक हजार के हिसाब से छह हजार की पोषण राशि प्रदान की जाती है। पूर्व में यह राशि पांच सौ रुपए थी, जिसे बढ़ाकर एक हजार किया गया था। निक्षय निरामय योजना के साथ ही इस राशि के वितरण की शुरुआत भी की गई है।



### रायपुर-दुर्ग में ज्यादा संदिग्ध

इस अभियान के दौरान रायपुर और दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा टीबी संक्रमितों का पता चला है। रायपुर जिले में 200 तथा दुर्ग में 105 संदिग्ध सामने आए हैं। दोनों जिलों में आबादी अधिक होने की वजह से संदेहियों की संख्या अधिक होने का तर्क दिया जा रहा है, जबकि अन्य जिलों में इनकी संख्या सौ से कम है। कोंडागांव जिले में सबसे कम तीन संदेहियों का पता चला है।

## कार्यक्रम : उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया

# सतनाम संदेश यात्रा के समापन पर मांस-मदिरा के त्याग पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सतनामी समाज अभनपुर का विधानसभा स्तरीय सतनाम संदेश यात्रा का समापन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम व संत समागम मेला का आयोजन सतनाम भवन गातापार मे संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे धर्म गुरू खुशवंत साहेब विधायक आरंग,उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति.विकास प्राधिकरण,कार्यक्रम की अध्यक्षता अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू ,अति विशिष्ट अतिथि के रूप मे राजिम विधायक रोहित साहू कार्यक्रम मे सम्मिलित हुये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने धर्म गुरू खुशवंत साहेब ने उपस्थित संत समाज को शुभाआशिष प्रदान करते परम पूज्य गुरू घासीदास बाबा जी से समस्त जनो के सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना कर सभी को गुरू पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि सतनामी समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र बंजारे एवं उनके सहयोगियो द्वारा विगत 3 वर्षो से सतनाम संदेश यात्रा के माध्यम से पूरे विधानसभा के एक एक गांव मे पहुंचकर समाज को जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है इसके लिए सभी पदाधिकारी धन्यावद के पात्र है,समाज को संस्कृति के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र मे ध्यान देने की जरूरत है,कोई भी समाज तब तक पूर्ण शिक्षित नही होगा तब तक समूचा विकास संभव नही है,आज की युवा पीढ़ी नशापान के चक्कर मे रास्ते से भटक रही है ऐसे समय मे गुरूघासीदास बाबा जी के संदेश नशापान, मांस मदिरा त्याग कर हम सबको सादगी पूर्ण विचारधारा मे चलने की जरूरत है। राजिम विधायक रोहित साहू ने भी समाज को संबोधित करते हुये समाज को समानता,भाईचारा और सामाजिक समरता के दिशा मे आगे बढने के लिए प्रेरित करते उपस्थित लोगो को गुरू पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम मे अभनपुर क्षेत्र के सभी समाज के प्रमुख लोगो ने भाग लिया इस अवसर पर सभी समाज प्रमुखो को सम्मानित किया गया एवं शिक्षा,व्यापार व सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियो को सतनाम संदेश यात्रा समिति द्वारा सम्मानित किया गया।



### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

कार्यक्रम मे सतनाम संदेश यात्रा समिति अध्यक्ष जितेन्द्र बंजारे,संरक्षक खेमराज कोसले,राजू बारले,देव लहरे,दीपक दिवाकर,मुकेश ढीढी,बसंत कोसले,डिगेश्वरी सोनवानी,मन्नू कोसले,राजकुमार बंजारे,धर्मचंद महिलांग,रामचंद महिलांग,सुरेश भट्ट,राजेश जोशी,महेश्वर डहरिया,नान्हे धृतलहरे,राजेन्द्र एनेश्वरी,ईशु प्रकाश नारंग,उत्रसेन गहिरवारे,सिन्हा समाज प्रदेशाध्यक्ष युवराज सिन्हा,अभनपुर मंडलेश्वर शांतनु सिन्हा,साहू समाज अध्यक्ष भोजराम साहू,प्रदीप शर्मा,राघवेन्द्र साहू,जिनेश्वरी ध्रुव,लीलाधर तिवारी,रिकू चन्द्राकर आदि व्यक्ति के साथ ही बड़ी संख्या मे समाज के लोग कार्यक्रम मे सम्मिलित हुये।

## मैनपाट के भौगोलिक परिस्थितियों से सशिमं कोपरा के छात्र-छात्राएं हुए परिचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

श्री कोपेश्वर नाथ बाल कल्याण शिक्षण समिति कोपरा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय कोपरा के किशोर वर्ग के कक्षा नवम व दशम के भैया- बहनों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट के सभी स्थानों से अवगत कराया गया। भैया बहनों को मैनपाट के भौगौलिक क्रियाकलापों से परिचित कराया व वहां की बसाहट व रहन- सहन, खान- पान से भैया -बहन परिचित हुए। साथ ही ,इनके अलावा इतिहास की जानकारी वहां के बौद्ध मंदिर के दर्शन कर भैया बहनों ने उस समय के लेख व बौद्ध धर्म के अनुयायियों से परिचित हुए । इस शैक्षणिक भ्रमण का शुभारंभ गुरु घासीदास की जन्मस्थली गिरौदपुरी से प्रारंभ होकर रायगढ़ की चंद्रहासिनी माता मंदिर, शिवरीनारायण मंदिर और बाबा सत्यनारायण के दर्शन करते हुए मैनपाट से रतनपुर की महामाया माता के दर्शन कर कानन पेंडारी में विभिन्न प्रकार के पशु -पक्षी जंगली जानवरों को देखकर भैया बहनों का मन प्रफुल्लित हुआ। भ्रमण के अंतिम पड़ाव में सरस्वती शिशु मंदिर के मुख्यालय सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छग कोनी बिलासपुर में विश्राम किए और भैया बहनों को प्रांत प्रमुख श्री संतोष निषाद जी का मार्गदर्शन

प्राप्त हुआ इसके पश्चात अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किए। इस भ्रमण में दशरथ यादव, प्राचार्य गौरीशंकर साहू, संकुल के प्रधानाचार्य, होरीलाल साहू, ओमप्रकाश शर्मा, शेषनारायण साहू शामिल थे।

**वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति की हुई बैठक**

# तेन्दूपत्ता संग्रहण प्रक्रिया की होगी ऑनलाइन मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस साल से ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। यह जानकारी आज छत्तीसगढ़ के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति की बैठक दी गई। नवा रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में तेन्दूपत्ता संग्रहण, बांस की बहुउद्देशीय उपयोगिता और वनवासियों की आय बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

राज्य में वर्तमान में तेन्दूपत्ता संग्राहकों से 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से क्रय किया जा रहा है। निजी क्रेताओं को प्रतिभूति राशि जमा करने की अवधि में 15 दिन का अतिरिक्त समय देने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही निजी गोदामों में भंडारण के लिए जमा सुरक्षा निधि की 100 प्रतिशत वापसी की सहमति भी दी गई। प्रबंध संचालक, वन विकास निगम द्वारा सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, और बैकुंठपुर में पाई जाने वाली पांच प्रजातियों के बांस का प्रस्तुतिकरण किया गया। इनमें रोपा, चांई, झींगी, कटंग और पहाड़ी बांस शामिल हैं। इन बांसों का उपयोग कागज, फर्नीचर, सजावटी सामान, टेंट, सेंट्रिंग, और सब्जी उत्पादन जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। प्रारंभिक सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 500 करोड़ रूपए मूल्य का बांस राज्य के कृषकों की भूमि पर उपलब्ध है। सब्जी उत्पादक कृषकों द्वारा प्रति वर्ष लगभग दस करोड़ रुपए के बांस का उपयोग किया जा रहा है।

### बांस के बाजार की मांगी रिपोर्ट



बैठक में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय सड़क प्राधिकरण और रेलवे द्वारा बांस का उपयोग क्रेश बैरियर और फेंसिंग में किया जा रहा है, जिससे यह काष्ठ, एल्यूमिनियम और लौह का महत्वपूर्ण विकल्प बनता जा रहा है। मंत्री केदार कश्यप ने बांस बाजार का विस्तृत सर्वेक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने वनांचल में निवासरत परिवारों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए समर्थन मूल्य पर अधिक लघु वनोपज के संग्रहण को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए।

# सर्दी-बुखार का इलाज करने वाला 'हमर क्लिनिक' अधूरा, केंद्र से तीन सौ करोड़ रुपए नहीं मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रदेश में ढाई सौ बन पाए, 15वें वित्त आयोग की दो किस्त अटकी

सर्दी-बुखार का इलाज में मरीजों के होने वाले खर्च को बचाने के लिए बनाई गई हमर क्लीनिक की योजना फंड नहीं मिलने की वजह से पूरी नहीं हो पाई है। 15वें वित्त आयोग की दो किस्तों के करीब तीन सौ करोड़ रुपए नहीं मिलने की वजह इनका काम पूरा नहीं हो पाया है। राज्य में 364 हमर क्लीनिक बनाए जाने थे, मगर ढाई सौ बन पाए और 115 स्थानों में कहीं केवल बोर्ड लगा, तो कहीं अधूरा निर्माण पड़ा हुआ है।

सामान्य तरह की बीमारी के इलाज के लिए निजी क्लिनिक में मरीजों को एक हजार रुपए तक खर्च करना पड़ता है। इस खर्च को बचाने और लोगों को निशुल्क उपचार की सुविधा देने के लिए हमर क्लीनिक की योजना बनाई थी। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा राशि उपलब्ध कराई जा रही थी। पहली किस्त मिलने पर राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों की मदद से राज्य में 264 हमर क्लीनिक खोले गए। इनमें से ज्यादातर का संचालन किराए अथवा नगर-निगम से मिले सामुदायिक भवन के एक हिस्से में किया गया। कुछ के लिए भवन का निर्माण किया गया। योजना के मुताबिक 15वें वित्त आयोग में वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 में करीब तीन सौ करोड़ का भुगतान नहीं किया गया, जिसकी वजह से अस्थायी भवन में संचालित होने वाले हमर क्लीनिक के लिए स्थायी भवन अस्तित्व में नहीं आ सके, 117 का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया है।




### रायपुर जिले में पचास

योजना के मुताबिक संचालित तमाम शहरी उपस्वास्थ्य केंद्रों को हमर क्लीनिक के रूप में परिवर्तित किया जाना है। रायपुर जिले में 76 स्थानों पर हमर क्लीनिक शुरू किया जाना था, जिसमें से पचास खुल पाए हैं। शेष स्थानों पर हमर क्लीनिक बनाने की योजना अधूरी पड़ी है। पचास में करीब चालीस स्थानों पर डाक्टरों की नियुक्ति की जा चुकी है और दस के लिए डाक्टर आने का इंतजार है।

### नियम का पालन नहीं

हमर क्लीनिक में चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति की जाती है। इसके अलावा एक नर्सिंग स्टाफ एक मेल एमबीडब्लू, एक डेटा एंट्री आपरेटर और चतुर्थ वर्ग कर्मचारी की नियुक्ति की जानी थी। योजना के मुताबिक इसका संचालन चौबीस घंटे और सातों दिन किया जाना है, मगर ऐसा हो नहीं पा रहा है। जानकार सूत्रों का कहना है कि स्टाफ के अभाव में यहां की सुबह और शाम को ओपीडी का संचालन हो पाता है।

### राशि आवंटन होने का इंतजार

हमर क्लीनिक के अधूरे होने का मामला विधानसभा में आया था। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया था कि इसके लिए मिशन संचालक एनएचएम द्वारा पांचवें महीने में राशि जारी करने के लिए पत्र प्रेषित किया है। इसके लिए राशि आवंटन होने का इंतजार किया जा रहा है।

## एनआरडीए ने दी 142 एकड़ जमीन

# नवा रायपुर में बनेगा राज्य का पहला फार्मास्यूटिकल पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सेंट्रल इंडिया का नया फार्मास्यूटिकल हब बनने जा रहा है। फार्मास्यूटिकल पार्क से नए अनुसंधान, विकास और अंतर्राष्ट्रीय निवेश में वृद्धि के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर 22 ग्राम तूता में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम को फार्मास्यूटिकल पार्क की स्थापना के लिए 141.84 एकड़ भूमि आबंटित की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ ही फार्मास्यूटिकल क्षेत्र को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बताया छत्तीसगढ़ में विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं आम लोगों को सहजता से सुलभ हो, इस सोच के साथ राज्य में चिकित्सा क्षेत्र में प्रभावी ईको सिस्टम तैयार करने की लगातार पहल की जा रही है। छत्तीसगढ़ को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ और जनोन्मुख बनाना जरूरी है। फार्मास्यूटिकल पार्क की स्थापना इसी की एक कड़ी है। नई औद्योगिक नीति में भी फार्मास्यूटिकल क्षेत्र के उद्योगों को कई अनेक सुविधाएं और रियायतें दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

फार्मास्यूटिकल ईकाईयों को 12 वर्ष तक विद्युत शुल्क में छूट, स्टाम्प शुल्क से छूट, पंजीयन शुल्क एवं नवीन विद्युत कनेक्शन पर देय शुल्क में 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति सहित अन्य कई रियायतें दिए जाने का प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार की नवीन औद्योगिक नीति में किया गया है।




### फार्मास्यूटिकल इकाइयों को मिलेंगी सुविधाएं : चौधरी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि फार्मास्यूटिकल पार्क में आयुष उत्पादों में विशेषज्ञता वाली फार्मास्यूटिकल इकाइयों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह पार्क फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स और एक कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) सहित आधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस होगा। अनुसंधान और विकास केंद्र और परीक्षण प्रयोगशाला जैसी आवश्यक सेवाएं भी इसमें शामिल रहेंगी।

### अनुदान का भी प्रावधान

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में फार्मास्यूटिकल सेक्टर में वृहद उद्यम के लिए परियोजना में स्थायी पूंजी निवेश की मदों पर निवेश होने वाली राशि के 100 प्रतिशत तक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किए जाने का प्रावधान है। फार्मास्यूटिकल इकाईयों को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से लेकर 12 वर्ष तक भुगतान किये गए नेट एसजीएसटी अधिकतम स्थायी पूंजी निवेश के 100 प्रतिशत तक की प्रतिपूर्ति किए जाने अथवा स्थायी पूंजी निवेश अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। 50 करोड़ से अधिक किन्तु 200 करोड़ रुपए से कम पूंजी निवेश पर अनुदान की अधिकतम राशि 60 करोड़ रुपए, 200 करोड़ से अधिक किन्तु 500 करोड़ रुपए से कम के पूंजी निवेश 150 करोड़ रुपए का अनुदार तथा 500 करोड़ रुपए से अधिक पूंजी निवेश अधिकतम 300 करोड़ रुपए का अनुदान दिए जाने का प्रावधान भी छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है।

## मुख्यमंत्री साय ने कुशाभाऊ ठाकरे जेटली एवं पटवा को किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 28 दिसंबर को स्व. कुशाभाऊ ठाकरे और सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि तथा अरुण जेटली की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री साय ने कुशाभाऊ ठाकरे के देश के लिए योगदान को याद करते हुए कहा कि कुशाभाऊ नैतिकता, आदर्श व सिद्धांतों के प्रकाश स्तंभ थे। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण अटूट था। कुशाभाऊ ठाकरेजी ने समाज के प्रत्येक वर्ग की सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से काम किया। उनके जैसे निष्काम कर्मयोगी के विचार और जीवनमूल्य हमें सदैव देश सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पद्मविभूषण स्व. अरूण जेटली की 28 दिसंबर को जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि जेटलीजी ने भारत के वित्त, रक्षा, कॉरपोरेट मामले, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभागों को कुशलता से संभाला और देश के विकास को नई गति दी। उन्होंने देश की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## खबर संक्षेप

### प्रस्तावित ई लायब्रेरी दिवंगत पूर्व पीएम मनमोहन के नाम पर होगी : राशि

**महासमुंद।** पालिका द्वारा 2024-25 के बजट में प्रस्तावित ई लाइब्रेरी पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के नाम पर होगा। ई लाइब्रेरी के नाम की घोषणा करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि दिवंगत डॉ सिंह को शहरवासियों की ओर से यही भावभीनी श्रद्धांजलि होगी। श्रीमती महिलांग ने कहा कि पूर्व पीएम सिंह 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री रहने के पूर्व उन्होंने 1991 से 96 तक भारत के वित्त मंत्री, 1982 से 85 तक रिजर्व बैंक आफ इंडिया के गवर्नर जैसे देश के प्रमुख पदों पर रहें। भारत के आर्थिक सुधारों का श्रेय भी इन्हें दिया जाता है। जब पूरा विश्व आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहा था तब अर्थशास्त्री सिंह के नेतृत्व में भारत को आर्थिक मंदी छू भी नहीं पाई थी। उस दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत के मजबूत अर्थव्यवस्था जानने के लिए डॉ मनमोहन सिंह से सहयोग मांगा था। श्री सिंह का सादा जीवन उच्च विचार की तरह जीवन शैली रही। व्यवहार कुशल सिंह की प्रशंसा पक्ष के साथ ही विपक्ष के नेता भी करते थे।

### नववर्ष पर आस्था की काव्य गोष्ठी 1 को

**महासमुंद।** नववर्ष के स्वागत में नगर की साहित्य समिति आस्था के संयोजन में 1 जनवरी को त्रिमूर्ति कालोनी स्थित जीवन सदन में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। अपरान्ह 3 बजे प्रारंभ होने वाले इस कार्यक्रम की सभाध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक करेंगे। गोष्ठी के पूर्व, महिला-विमर्श, कला, साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच- पहल का गठन किया जाएगा। समिति द्वारा इस अवसर पर साहित्यिकजनों से उपस्थिति प्रदान करने का आग्रह किया गया है। यह जानकारी समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गई है।

### परसुली में छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम कल

**नर्रा।** ग्राम परसुली में युवा किसान समिति के तत्वावधान में नववर्ष का स्वागत के अवसर पर रात्रिकालीन जय मां शारदा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी कुसमी का आयोजन रखा गया है। जानकारी देते हुए आयोजक समिति के सदस्य परमेश्वर पटेल ने लोगों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# नया साल मनाने उदंती टाइगर रिजर्व देवदाहरा व सिकासार में पहुंचने लगे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

नया वर्ष मनाने के लिए अभी से जिले के पर्यटन स्थलों में बड़े शहरों से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचने लगे हैं। रविवार को मैनपुर से महज 26 किलो मीटर दूर सिकासार जलाशय, सोंढूर जलाशय एवं उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में बड़ी संख्या में पर्यटक सुबह से पहुंचने लगे थे। यहां पर्यटकों का तातां आगामी एक सप्ताह तक लगा रहेगा। वर्ष 2024 की विदाई और वर्ष 2025 के स्वागत में न्यू ईयर मनाने पर्यटकों का आना -जाना प्रारंभ हो गया है। ज्ञात हो कि उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के पहाड़ी के ऊपर बसे आमामोरा ओढ़ को छत्तीसगढ़ के कश्मीर के नाम से जाना जाता है यहां बहुत अधिक ठंड पड़ती है। जहां आज बड़ी संख्या में बसो कार तथा विभिन्न

## वन्य जीवों को खुले में विचरण करते देखने पहुंचते हैं पर्यटक



### पर्यटकों को मिले मूलभूत सुविधाएं



जिले के उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व सहित सिकासार जलाशय में इतना ज्यादा भीड़ 31 दिसंबर दोपहर के बाद लग जाती है कि कभी कभी तो यहां व्यवस्था संभालना मुश्किल हो जाता है। पर्यटक अपने साथ खाने- पीने के साथ मनोरजंन के पूरे साधन लेकर पहुंचते हैं साथ ही टेंट लगाकर रात में अलाव जलाकर 31 दिसम्बर की रात जगह-जगह थिरकते नजर आते हैं। यह क्षेत्र में पहुंचने वाले पर्यटक बताते है यहां शासन को चाहिए कि पर्यटकों की सुविधाओं के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सुरक्षा का इंतजाम किया जाय तो निश्चित रूप से यह क्षेत्र पर्यटन के मामले में बेहतर राजस्व प्राप्त कर सकता है और तो और देवदहरा जलप्रपात की अनुपंम छटा अपने आप में देखने वालों को काफी सुकून प्रदान करता

वाहनों के माध्यम से पर्यटक पहुंचते रहे। बड़े शहरों के कॉलेज, स्कूलों से विद्यार्थी और विभिन्न संस्थान के कर्मचारी और पर्यटक पहुंच रहे। उदंती अभ्यरण को नया वर्ष लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि यह काफी सुकून और सुखद अनुभव का अहसास कराता है। इस क्षेत्र का मनोरम दृश्य, खुबसुरत पहाड़ी, नदी, नाले, झरने, स्वतंत्र विचरण करते वन्य प्राणी शांत वातावरण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**पर्यटकों का आना प्रारंभ-** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया की उदंती सीतानदी क्षेत्र में बड़ी संख्या में पर्यटकों का आना प्रारंभ हो गया है। यहां तो जीप्सी की भी व्यवस्था है साथ ही कुल्हाड़ीघाट कठवा नदी में कायकिंग का आनंद ले रहे है।

## जयंती : फिंगेश्वर के दर्रीपार वार्ड में गुरु घासीदास बाबा की मनाई गई जंयती

# गुरु घासीदास बाबा का संदेश सर्व समाज के लिए प्रेरणादायी : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

नगर के दर्रीपार वार्ड में 27 दिसंबर को सतनामी समाज के द्वारा संत शिरोमणी पूज्य घासीदास बाबा की जंयती पूरी श्रद्धा भक्ति के भाव से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि बाबा के बताये गये उपदेशों के साथ चलने पर ही सर्व समाज का कल्याण होना संभव है। बाबा का संदेश केवल एक समाज के लिए नहीं बल्कि सर्व समाज के प्रेरणादायी है। मनखे -मनखे एक समान का संदेश इसी बात का सीख देता है कि हम सभी एक हैं। हमारे में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। समाज देश एवं प्रदेश के विकास मे



अपना बहूमूल्य योगदान देवें। समाज मे नशापान की बुराईयो को खत्म करने के लिए सामाजिक चेतना एवं जागरूकता लाये, खासकर युवा वर्ग को आगे आना होगा। कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू एवं अन्य अतिथियों का मंच मे फूल हार से स्वागत किया गया। वहीं पर विधायक रोहित साहू को तराजू मे बिठाकर नारियल से तौला गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, विशिष्ट अतिथि नगर पचायत उपाध्यक्ष रूखमनी मांडले, पार्षद दीपक श्रीवास, अरूण साहू, ठाकुर राम साहू, कमलेश यदु, अनिल चंद्राकर, बेनी प्रसाद सोनवानी, नरेश लहरे, सुनीता श्रीवास, मंजूलता हरित, मनीष हरित, राजू साहू, राजकुमार बघेल, जमुना भीमो, हेमनारायण महिलांग, संतोष ढीढी, आकाश भीमो, खोमन बघेल सहित वार्ड के नागरिकगण एवं सतनामी समाज के नागरिक उपस्थित थे। रात्रिकालीन कार्यक्रम में लोगों ने कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।

## बाबा के बताए संदेश को अपने जीवन में उतारें : विजय

**फिंगेश्वर।** ग्राम पंचायत बारुला में सतनामी समाज के द्वारा 28 दिसंबर को सतनाम धर्म के प्रवर्तक संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरुघासीदास जी की 268 जयंती का पावन उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। परम पूज्य बाबा गुरुघासीदास जी की शोभा यात्र के साथ पालो चढ़ाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, अध्यक्षता सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सभापति आशा राम साहू विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच रामधार साहू सेंदर, पूर्व सरपंच मोतीराम निशाद बिजली, जिला गरियाबंद के सतनामी समाज के पूर्व अध्यक्ष दुजलाल बंजारे, सरपंच बिसहत पारधी बारूला, पूर्व उपसरपंच सुकदेव राम साहू बारुला, सरपंच ओमप्रकाश साहू चरभट्टी, सोसायटी अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा फिंगेश्वर, भाजपा बूथ अध्यक्ष कमलेश साहू के आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सतनामी समाज के द्वारा मंगल भवन, रंगमंच, गुरुघासीदास के जैतखाम को कुतुबमीनार स्वरूप देने के लिए मांग पत्र एवं अभिनंदन पुष्प विधायक रोहित साहू के नाम उनके प्रतिनिधि विजय कंडरा को दिया गया। मु विजय कंडर्रा ने कहा की परम



पूज्य बाबा गुरु घासीदास के बताएं हुए मार्ग पर चलने से ही समाज का विकास संभव बताया। वहीं पर सत्य को मानव का आभूषण है कहा। मनखे मनखे एक समान और सामाजिक समरसता का बाबा जी ने जो संदेश दिए है, उसे अपने जीवन में उतारने की बाते कहीं।इसके साथ ही कहा कि विधायक द्वारा सतनामी समाज की विकास के कायोंर् में किसी भी प्रकार के कमी नहीं आयेगी, ऐसा संदेश के साथ मंगल भवन हेतु 10 लाख राशि की घोषणा की।

**मोर चिरैया के फूल बालोद ने दी शानदार प्रस्तुति-** पंथी नृत्य ग्राम परसदा (सुंदरनगर) से आए कलाकारों के द्वारा बहुत ही सुंदर मनमोहक प्रस्तुति दी। रात्रिकालीन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी नाचा पालटी "मोर चिरैया के फूल"ग्राम कुनिया कनेरी बालोद की शानदार प्रस्तुति रही। कार्यक्रम का संचालन एवम उक्त जानकारी सतनामी समाज युवा अध्यक्ष योगेश पराना के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामप्रसाद बंजारे अध्यक्ष सतनामी समाज, बिसाहू राम पराना सचिव, गैंदू राम बंजारे भंडारी, रामप्रवेश बंजारे, गैंद राम टंडन, हेमू राम नवरंगे, लालजी पराना ग्राम पटेल, शांति राम धृतलहरे साटीदार, मनोहर जांगड़े, द्रोण पराना, उत्तम सोनवानी, सुरेंद्र सोनवानी, नंदकुमार मिरी, सुकदेव राम आंडे, दिलीप धृतलहरे, तुलसी राम राते, देशचंद टंडन, नीलकंठ नवरंगें, डिकेशचंद पराना, थानू राम मंडल, देवचन जांगड़े, टाकेश्वर राते, छबि राम राते, ऋतु कुमार आडे, ऋषि पराना, परमेश्वर बंधे, बाबूलाल मांडले, जगमोहन धृत लहरे, परदेशी राम एवं समस्त सतनामी समाज ग्राम पंचायत बारुला उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

रेस्ट हाऊस राजिम में रविवार को राजिम भाजपा मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 117वें संस्करण सुना गया। साथ ही मन की बात कार्यक्रम पश्चात भाजपा मंडल राजिम के नवनियोचित अध्यक्ष रिकेश साहू ने समस्त वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों के समक्ष मंडल अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। जिसमें राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय , भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सोनकर, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिंहा, भाजपा नेता आशीष शिंदे, छाया राही, पूर्णिमा चंद्राकर, पुष्पा गोस्वामी, अनिता यादव, मधु नथानी, खुशी साहू, जितेन्द्र पेंदरिया, लोकेश सोनी, युवराज साहू, संजीव साहू, चंद्रहास साहू, लिकेश्वर साहू, आकाश राजपूत, भागवत साहू, दिलीप साहू, टीकाराम साहू, संजू निर्मलकर, पकलू ठाकुर, आशीष पांडे, शरद यादव, जेठू राम कोसरे, राम जीवन साहू, राजेश परमार, रोमन बंजारे, ईश्वर साहू, झाडू राम साहू, शिव कुमार साहू, योगेश्वर गोस्वामी, मदन लाल साहू, मोती राम साहू, छांगू साहू,सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने सुनी मन की बात



**मैनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिमाह अंतिम रविवार को होने वाली मन की बात को निज ग्राम गोहरापदर बूथ क्रमांक 158 में स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ, हमारे बस्तर ओलम्पिक सहित संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर गणतंत्र दिवस सहित अन्य विषय के संबंध चर्चा की। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी पुरन साहू, उमरिया नागेश, भुनेश्वर मांझी, कुंजीराम, कलाराम हरपाल, गोवर्धन ध्रुवा, दिनेश नायक, मिनकेतन दौरा, जीतू साहू, भजन नेताम, जगमोहन नागेश, दीपक मिश्रा उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी



कोपरा। नगर पंचायत कोपरा के गांधी चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके छाया चित्रों पर दीप जलाकर मौन धारण किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर राम साहू ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह एक दूरदर्शी और आर्थिक सुधारों के प्रणेता थे। उनके कार्यकाल में देश ने आर्थिक प्रगति के नए आयाम छुए। उनके नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर मजबूत उपस्थिति दर्ज की। जिला प्रशासनिक मंत्री ठाकुर ओंकार सिंह ने कहा डॉ. मनमोहन सिंह के सरल व्यक्तित्व और नीतियों ने देश को एक नई दिशा दी। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। सभा का संचालन अवध राम सिन्हा, सेक्टर अध्यक्ष ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर राम साहू,ठाकुर ओंकार सिंह,पन्नालाल साहू, बेदराम साहू, योगानंद शुक्ला, राजेश यादव, गिरधारी साहू, अनिरुद्ध साहू, रमेश सिन्हा, द्वारिका सिन्हा, नंदू तारक, खूबचंद साहू, खेलावन सेन सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।



# प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहलसिंह ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**राजिम।** साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहलसिंह साहू रविवार को राजिम माता का दर्शन किया उसके बाद 7 जनवरी को राजिम भक्तिन माता समारोह की तैयारी के लिए कार्यक्रम स्थल, मुख्य मंच महोत्सव स्थल पहुंचकर मंच एवं भोजनालय का निरीक्षण किया। उनके साथ न्याय प्रकोष्ठ संजोजक सीबी साहू, राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. महेंद्र साहू, गरियाबंद जिला साहू संघ के कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू मौजूद थे।

## डॉ. रमन ने किया राइस मिल का उद्घाटन



**राजिम।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कौंदकेरा में सत्यमेव जयते ट्रेडर्स एवं राईसमिल का उदघाटन किया। इस अवसर पर राईसमिल के संचालक जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष ओंकार साहू के परिवार के साथ भोजन किया। साहू परिवार ने डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार जताया।

पेज 9 के शेष...

### सुदूर नक्सल...

हेलीकाप्टर के सहारे से पहुचाया जाता था लेकिन अब इस क्षेत्र में दो स्थानों पर सीआरपीएफ के कैंप खुल जाने से जहां एक ओर नक्सली दहशत कम हुई है। **आमामोरा तक सड़क निर्माण की अनुमति-** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि 2009 से पहले आमामोरा तक सड़क निर्माण की अनुमति मिली थी तब यह उदंती वनमंडल था अब यह टाईगर रिजर्व क्षेत्र में है अनुमति के लिए पत्र भेजा गया है। **मार्च 2025 तक हो जाएगा पूर्ण-** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता गरियाबंद अभिशेक पाठकर ने बताया की वन विभाग को अनुमति के लिए लिखा गया है कुछ स्थानों पर वन विभाग की आपत्ति थी जल्द अनुमति मिल जायेगी ऐसी उम्मीद है मार्च 2025 तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण किया जायेगा।

### पैरावट में लगी...

तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। घटना के दौरान नगर पंचायत कोपरा के सीएमओ से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका मोबाइल बंद था। बाद में पता चला कि वे नगर से बाहर थे। नगर में ऐसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए किसी स्थायी या अस्थायी व्यवस्था का न होना बड़ी समस्या बन गया।

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

Health Town
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पैरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## 7 को राजिम भक्तिन माता जयंती धूमधाम से मनायेंगे

**कोपरा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 जनवरी को राजिम में राजिम भक्तिन माता की जयंती मनाएंगे।



जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष रोशन लाल साहू ने कहा कि सभी साहू समाज को इस बार राजिम भक्तिन माता की जयंती को धूमधाम से मनाने की अपील किया है, सभी अपना अमूल्य समय निकालकर सहभागिता प्रदान करें। क्योंकि छत्तीसगढ़ राज्य के राजिम क्षेत्र राजिम माता के त्याग की कथा प्रचलित हैं, और भगवान कुलेश्वर महादेव का आशीर्वाद इस क्षेत्र को प्राप्त है।

## राज्य पंथी नृत्य स्पर्धा आज और कल होगी

**अभनपुर।** नगर पंचायत अभनपुर उरला मे गुरूघासीदास जंयती समारोह के अवसर पर 30 व 31 दिसम्बर को द्वि -दिवसीय राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम मे प्रतिवर्ष की तरफ छत्तीसगढ़ की जाने माने नृत्यक दल भाग लेगे एवं 31 दिसम्बर को रात्रिकालिन सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक धरोहर,महोदव हिरवानी द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। उक्त जानकारी नीलकमल गिलहरे द्वारा दी गई है।

## कांग्रेसजनों ने पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन को दी श्रद्धांजलि

**बागबाहरा।** महान अर्थशास्त्री व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनोहन सिंह के निधन पर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के उपस्थिति में उनके कार्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस बागबाहारा शहर, ग्रामीण व कोमाख़ान द्वारा संयुक्त रूप में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमे विधायक द्वारिकाधीश यादव के साथ साथ अन्य वक्तागण ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, गणेश शर्मा, विष्णु महानंद, दुर्गासागर,नरेंद्र जैन आदि ने डा. मनमोहन सिंह के भारत के अर्थव्यवस्था एवं विकास में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला।

# मन की बात कार्यक्रम में पीएम बोले- बस्तर ओलंपिक खेल और विकास का अनोखा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

रविवार को जिला भाजपा कार्यालय गरियाबंद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विभिन्न समसायिक मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने बीते एक महीने हुए घटनाक्रमों और साल 2024 के भी प्रमुख घटनाओं का उल्लेख किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के बस्तर ओलिंपिक का भी जिक्र किया। बस्तर ओलिंपिक पर मोदी ने कहा कि बस्तर में एक अनूठा ओलिंपिक शुरू हुआ है। पहली बार हुए बस्तर ओलिंपिक से बस्तर में एक नई क्रांति जन्म ले रही है। ये बहुत ही खुशी की बात है कि बस्तर ओलिंपिक का सपना साकार हुआ है। आपको भी ये जानकार अच्छा लगेगा कि यह उस क्षेत्र में हो रहा है, जो कभी माओवादी हिंसा का गवाह रहा है। इसका शुभंकर है 'वन भैंसा' और 'पहाड़ी मैना'। इसमें बस्तर की समृद्ध संस्कृति की झलक दिखती है।

**इनकी कहानी भी प्रेरणादायक-** प्रधानमंत्री ने कहा कि, सुकमा की पायल कवासी की बात भी कम प्रेरणादायक नहीं है। जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने वाली पायल जी कहती हैं कि, अनुशासन और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।कोडागांव के तीरंदाज रंजू सोरी को 'बस्तर यूथ आइकन' चुना गया है। उनका मानना है कि बस्तर ओलिंपिक दूर-दराज के युवाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का अवसर दे रहा है। पूरे कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ सुना और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जनकल्याण को लेकर की गई बातों को आत्मसात करने कभी संकल्प लिया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात



### बंदूक की आवाज नहीं अब सुनाई देता है खेलों की शोर

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम में बहुत ही सारगर्भित विषयों को आम लोगों के बीच रखा। मनकी बात कार्यक्रम के माध्यम से मोदी जी देश के युवाओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही अलग-अलग राज्यों में विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे कार्य करने वाले लोगों का जिक्र कर उनकी प्रशंसा भी करते है। इस कार्यक्रम में देश का कोना कोना जुड़ता है। एक राज्य को दूसरे राज्य की उपलब्धियों को जानने समझने का अवसर भी मिलता है।श्री पारख ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में बस्तर ओलिंपिक का बहुत विस्तार से उल्लेख हुआ है। उन्होंने हमारे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। निश्चित तौर पर यह प्रत्येक बस्तर और छत्तीसगढ़वासियों के लिए बहुत ही गौरव का विषय है। इस दौरान जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, पूर्व महामंत्री रिखी राम यादव, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, बिंद्रानवागढ़ मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष फारुख चौधरी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री श्रीमती बिंदु सिन्हा, श्रीमती प्रियंका सोनी, सरिता साहू तथा तिवारी उपस्थित रहे।

## खेती किसानी : किसानों ने कहा- धान है हमारे लिए परंपरा से जुड़ी फसल

# रवि फसल की तैयारी में जुटे किसान फसल परिवर्तन की अपील बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

रवि फसल की तैयारी के साथ ही किसानों ने खेतों में हल चलाना शुरू कर दिया है। गर्मी के मौसम के लिए धान की फसल लेने की उनकी तैयारी एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। सरकार और प्रशासन द्वारा फसल परिवर्तन और जल संरक्षण को बढ़ावा देने की तमाम कोशिशें, योजनाएं और अपीलें इस बार भी जमीन पर असर दिखाने में विफल रहीं। किसानों का झुकाव अब भी पारंपरिक धान की खेती की ओर ही है। इस समय गरियाबंद जिले के गांवों में खेतों की जुताई और मथाई का काम जोरों पर है। बोरवेल से सिंचाई कर किसान गर्मी के मौसम में भी धान की खेती करने की तैयारी में हैं। धान छत्तीसगढ़ के किसानों की पारंपरिक और प्रमुख फसल रही है। किसानों का कहना है कि धान की खेती से उन्हें अपेक्षाकृत स्थिर आमदनी मिलती है और वे इसे ही अपने लिए सुरक्षित मानते हैं। जल संकट और सरकारी नीतियों की बात करते हुए किसान रामलाल ने कहा की धान हमारे लिए परंपरा से जुड़ी फसल है। दूसरी फसल का जोखिम लेने से बेहतर है कि हम धान ही लगाएं। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर बार-बार फसल परिवर्तन की सलाह दी जाती रही है। कृषि विभाग ने इसके लिए किसानों को वैकल्पिक फसलों जैसे दलहन, तिलहन और सब्जियों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया है। लेकिन किसानों का मानना है कि ऐसी फसलों के लिए जरूरी बाजार उपलब्ध नहीं है और इनकी खेती में उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**धान की खेती के नुकसान-** गर्मी के मौसम में धान की खेती भूजल के स्तर को तेजी से कम करती है। इससे अन्य फसलों के लिए पानी की कमी हो जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा स्थिति में जल संरक्षण और जल उपयोग की दक्षता बढ़ाने के लिए किसानों को फसल परिवर्तन की दिशा में आगे आना चाहिए। धान की खेती में बोरवेल का अत्यधिक उपयोग किसानों के लिए अल्पकालिक समाधान है, लेकिन दीर्घकालिक दृष्टिकोण से यह उनके लिए भी नुकसानदायक हो सकता है।



### सरकारी अपीलें और योजनाएं बेअसर

प्रशासन ने जल संकट को देखते हुए फसल परिवर्तन और सूखा प्रतिरोधी फसलों को अपनाने की अपील की है। इसके तहत किसानों को तिलहन, मक्का, मूंगफली और गन्ने जैसी फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं, कृषि विशेषज्ञ भी मानते हैं कि गर्मी के मौसम में धान की खेती से जल संकट गहराता है और यह पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है। लेकिन इन योजनाओं को अमल में लाने में सफलता नहीं मिली है। कृषि अधिकारी के अनुसार, हम किसानों को लगातार समझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे अपनी पारंपरिक फसल को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं।

### बोरवेल बना मुख्य सिंचाई साधन

कृषि कार्य में इस समय बोरवेल का उपयोग व्यापक रूप से हो रहा है। गरियाबंद के अधिकांश किसान अपने खेतों में बोरवेल से सिंचाई करते हैं। हालांकि, यह भी एक बड़ा कारण है कि गर्मी के मौसम में धान की खेती से भूजल स्तर पर बुरा असर पड़ता है। पानी की कमी के बावजूद किसान यही मानते हैं कि धान उनकी आर्थिक सुरक्षा के लिए जरूरी है। किसान रामलाल कहते हैं, हमारे पास बोरवेल है और पानी का प्रबंध कर सकते हैं। दूसरी फसल में नुकसान हो सकता है, लेकिन धान हमारी पहचान है।






## खोमन सिन्हा कलार समाज के सम्मान समारोह में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ कलार समाज द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी थे। अध्यक्षता समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रुप में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक संगीता सिन्हा, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित थे। ग्राम कुंडेल निवासी प्रतिष्ठित शिक्षक खोमन सिन्हा राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित होने के साथ-साथ निरंतर सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने तथा शिक्षा के क्षेत्र में अपना एक अलग पहचान बनाने पर, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षक खोमन सिन्हा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नशा मुक्ति, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, पौधारोपण, गौवंश सरंक्षण एवं संवर्धन, मतदाता जागरूकता, कोविड टीकाकरण, जनजागरूता महाभियान द्वारा अनेको रैली के माध्यम से लोगों को प्रेरित किए हैं। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, जिला अध्यक्ष अवध सिन्हा, फिंगेश्वर मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा, महिला अध्यक्ष धनेश्वरी सिन्हा, ग्राम प्रमुख गयाराम सिन्हा ने बधाई दी।



## कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन को श्रद्धांजलि दी

**फिंगेश्वर।** कांग्रेसियों ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त व श्रद्धांजलि दी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश बंछोर, पार्षद कमलेश यदू, हरिशंकर श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी टिकेश साहू ने कहा की आज देश ने एक महान व्यक्तित्व और अद्वितीय राष्ट्रसेवक को खो दिया।

उनका जीवन देशसेवा और समर्पण का मिसाल था। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन एक युग का अंत है। उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उक्त श्रद्धांजलि सभा में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ओम प्रकाश बंछोर, हरिशंकर श्रीवास्तव, पार्षद कमलेश यदू, अनिल चंद्राकर, करीम खान, धनराज सूर्यवंशी, डोंगर सिंग मरकाम, रामकृष्ण तिवारी, जितेंद्र सिंह ठाकुर, अतुल श्रीवास्तव, टिकेश साहू, राजऋषि टंडन, मनोज सोनवानी, नत्थू कश्यप, शरद चतुर्वेदी, तेजेश यदू, युवराज सिन्हा, जेठू बंजारे, संजीव यदु आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रवेली की टीम क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

अंचल के ग्राम रवेली में प्रयास क्रिकेट एवं जेडसीसीआर क्रिकेट क्लब के तत्वधान में 18 दिसंबर से शीतकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ घनश्याम मानिकपुरी व सभी खिलाड़ियों की उपस्थिति व गांव के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में सरस्वती माता के छायाचित्र पर पुष्प वंदन व गुलाल लगाकर शुरू किया गया। प्रतियोगिता का प्रथम इनाम 12000 हजार, दूसरा इनाम 6000 हजार रूपये रखा गया था। दूर- दूर से टीम पहुंची और अपना प्रदर्शन दिखाया। जहां रविवार को सेमीफाइनल मुकाबले में रवेली वर्सेस धोराभांठा के बीच खेला गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्र के इंद्रजीत महाडिक शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में खेमू साहू, कोमल ठाकुर, सुभाष निर्मलकर, रवि निर्मलकर का स्वागत सम्मान किया गया। सेमी फाइनल मुकाबले को रवेली ने 8 रनो से जीत लिया और फाइनल में प्रवेश की। मुख्य अतिथि इंद्रजीत महाडिक ने कहा की खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है और हर युवा को खेल के प्रति अपना बहुमूल्य समय देना चाहिए। इस दौरान इंद्रजीत महादिक, खेमू साहू, कोमल ठाकुर, रतन यादव, लतेल यादव, संजय यादव, उत्तम घोघरे, मनोज कश्यप, मुकेश निषाद, टूकेश्वर प्रजापति, रवि निर्मलकर, सुभाष निर्मलकर, प्रमोद पटेल उपस्थित रहे।



## नगर के बुजुर्गों का किया गया सम्मान

**नवापारा-राजिम।** सामाजिक, धार्मिक , जनकल्याणकारी संस्था श्री सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान जनकल्याण समिति ने रविवार को नगर के अग्रवाल, माहेश्वरी, ब्राम्हण, सिंध, सिक्ख, गुजराती, साहू, देवांगन, सोनकर,जैन, तारक ,चक्रधारी, निषाद, कंसारी, गुप्ता समाज सहित सर्वसमाजों के 75 वर्ष से अधिक उम्र वालों का स्वागत अभिन्नदन श्रीफल, शाल, मिठाई एवं मोमेंटो से सम्मान किया। जिन बुजुर्गों का सम्मान हुआ उनमें विशेष रूप से आरबी शर्मा 94 वर्षीय हंसराज राव, डॉ. बलजीत सिंग, एम कौर, मनमोहन अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, शिखर बाफना, नंदलाल सायरानी, रहन्दोमल छाबड़ा, नानक खुराना, मोहन धामेजनी, संतदास फोटानी, पुष्पा दम्मानी, कमलकिशोर तापड़िया, घनश्याम दास, राजू देवी केला, जयदेवी केला शामिल थे। इस तरह 188 वरिष्ठजनों का सम्मान हुआ। इस अवसर पर राजू काबरा ने कहा कि हम सबका परिवार, समाज देश के लिए धरोहर है। आज बड़े बुजुर्गों का सम्मान कर बहुत ही सुखद अनुभूति हो रही है। बड़ों के आशीर्वाद से ही आगे बढ़ा जा सकता है। भविष्य सुनहरा हो सकता है। युवाओं से कहा कि वे अपने से बड़े बुजुर्गों का हमेशा सम्मान करें। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक राजू काबरा, डॉ. राजेन्द्र गदिया ने किया। इसमें पूरी व्यवस्था समिति के साथ-साथ सुरेश काबरा, दीपेश काबरा, नवीन बोथरा, प्रभात जैन, सुनील पारख, अध्यक्ष धरम साहू, नेमी, गुलाब, खिलेश, ओमप्रकाश शर्मा नंदकिशोर राठी, आरती काबरा सरिता सिंग ने की।

## श्रीरामचरित मानस सम्मेलन में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलो मीटर दूर ग्राम राजपुर (जाड़ापदर) में दो दिसवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम से पूरे गांव का माहौल धार्मिकमय हो गया 28 एवं 29 दिसंबर को दो दिवसीय मानस गान का अयोजन किया गया। जिसमें मानस मंडली बिहझर महासमुंद, जयसिद्धेश्वर मानस परिवार तिल्दा रायपुर, विन्ध्वासिनी बालिका मानस परिवार बोर्रा बालौद, अंजनेय मानस परिवार बागबाहरा महासमुन्द एवं मधुरीमा मानस परिवार बरोडा चौक महासमुंद, राजहंस मानस मंडली अम्बागढ़ चौकी राजनांदगांव, अर्चना आदर्श मानस परिवार बड़े करेली एवं श्रद्धा सुमन मानस परिवार कर्मापटपर ओड़िसा द्वारा प्रस्तुती दी गई। मानस सम्मेलन के चलते पूरा गांव और क्षेत्र का माहौल धार्मिकमय रहा गांव में भण्डारा का आयोजन किया गया। हजारों लोगों प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आचार्य निर्भय प्रसाद पाण्डेय, अध्यक्ष छबीलाल नागेश, उपाध्यक्ष यशवंत फरस, सचिव बालचंद नेताम, केशव जोगी, कोशाध्यक्ष हरसिंह नागेश, संयोजक टीकम सिंह, जयसिंह, तामेश्वर, गैंदलाल, घनश्याम, महेश महेश, रमेश, देवलाल एवं संरक्षक लक्षिन्दर, लाल सिंह, जगन्नाथ, अभीराम, रामसिंह, खाम सिंह, चरण सिंह, भोलाराम, नरसिंह, सुखराम, जीत साय, जल सिंह अमृत लाल नागेश, चन्द्र कुमार नागेश, थानुराम पटेल, खिलावन साहू, अशोक ठाकुर, बुदेश्वर साहू, रमेश योगी, राजाराम, बोधसिंह, अशोक दुबे, विरेन्द्र श्रीवास्तव, योगेन्द्र सिन्हा व मनोज खरे सहित हजारों की संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## नवापारा के शीतलापारा में मनाई गई संत बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती

# गुरु घासीदास बाबा ने सत्य की महिमा को जन-जन तक पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शीतलापारा वार्ड क्रमांक 20-21 में सतनामी समाज के तत्वावधान में शनिवार को सतनाम धर्म के पथ प्रदर्शक संत परम पूज्य गुरू घासीदास बाबा जी का 268वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाजिकजनों द्वारा शाम 6 बजे पालों चढ़ाने व गद्दी पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें समाज के सभी बड़े बुजुर्ग, महिला पुरुष, बच्चे पंथी नर्तक दल के साथ सतनाम धर्मशाला से बाबा की गद्दी व पालो को लेकर मुख्य मंदिर तक लाए और फिर पालो चढ़ाया गया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूमि संत महात्माओ की भूमि है। जिनमें संत गुरु घासीदास बाबा का नाम सर्वोपरि हैं। बाबा गुरु घासीदास जी छत्तीसगढ़ के प्रथम गुरु थे, जिन्होंने सत्य की महिमा को जन-जन तक पहुंचाया, लोगों को छुआछूत, जातिपाति, भेदभाव व बाह्य आडम्बर को लेकर जागृत किया। कहा कि बाबा की महिमा का बखान करना बहुत मुश्किल काम है, अगर मनुष्य अपने जीवन में उनके बताए मार्ग को आत्मसात करें तो जीवन सफल हो सकता है। नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने सामाजिक एकता पर बल देते हुए सभी को बाबा के बताये मार्ग का अनुशरण करने का संदेश दिया। पूर्व पार्षद व एल्डरमैन रामा यादव ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी कोई जाति विशेष के नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के गुरु है। वे महज एक समाज विशेष के ही नहीं बल्कि एक महामना थे। पूर्व पार्षद भूपेंद्र सोनी ने कहा कि की बाबाजी के मनखे-मनखे एक समान के विचार हमें हमेशा नेक कार्यों के लिए प्रेरणा देती रहेगी। भाजयुमो के पूर्व मंत्री मुकुंद मेश्राम ने कहा कि बाबा गुरुघासीदास जी ने सत्य के संदेश को घर-घर तक पहुँचाने का काम किया था।





### ये थे उपस्थित

इस दौरान प्रमुख रूप से परिक्षेत्र सतनामी समाज के अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन, प्रदेश अध्यक्ष गुरु घासीदास साहित्य अकादमी धनेश्वरी डांडे, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जीत सिंग, पालिका सभापति अजय साहू, पार्षद पदमिनी सोनी, मंगराज सोनकर, अनूप खरे, हेमंत साहनी, संजीव टिंकू सोनी, दिनेश टंडन, मेलाराम डांडे, वेदराम कुर्रे, अशोक खुटियारे, सागर कुर्रे, द्वारिका साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के मयाराम महिलांग, बिशेषर हिरवानी, कैलाश बघेल, बिनूराम हिरवानी कमलेश बघेल, यारबल लहरे, धनेश्वर लहरे, रुपलाल बघेल, मुन्ना बघेल, कन्हैया बंजारे, श्रीराम बंजारे, पवन बंजारे, गुलशन लहरे, सत्यप्रकाश बघेल, कृष्णा बघेल, कामिनी बघेल, पूर्णिमा लहरे, दिव्या हिरवानी, चांदनी, आरुषि, मोनिका बघेल, गणेश हिरवानी, विजय हिरवानी, चुम्मन-धर्मेंद्र हिरवानी का सराहनीय योगदान रहा।

